कक्षा – 7

पाठ –1

भाषा और व्याकरण

प्रश्नों के उत्तर :–

प्र.1 भाषा से आप क्या समझते हैं ?

उ0. 'भाषा' एक ऐसा माध्यम है जिससे मनुष्य सार्थक शब्दों के द्वारा अपने भावों, विचारों अथवा संदेशों को दूसरों के समक्ष अभिव्यक्त करता है अथवा उनसे प्राप्त करता है।

प्र.2 भाषा कितने प्रकार की होती है? सभी की परिभाषा लिखिए।

उ0. भाषा तीन प्रकार की होती हैं –

1. मौखिक भाषा :– जिस भाषा का प्रयोग मुख द्वारा अथवा उच्चारण द्वारा होता है, वह मौखिक भाषा कहलाती है।

2. लिखित भाषा :– जिस भाषा का प्रयोग कागज़ या पट्टी पर लिखकर किया जाता है, वह लिखित भाषा कहलाती है।

3. सांकेतिक भाषा – जब हम अपने मन के भावों को संकेत के माध्यम से व्यक्त करते हैं तो उसे सांकेतिक भाषा कहते हैं।

प्र.3 लिपि की परिभाषा लिखो।

उ0. मुख से उच्चरित ध्वनियों की प्रतीकात्मक रूप में प्रकट करने की व्यवस्था लिपि कहलाती है।

प्र.4 व्याकरण से क्या तात्पर्य है? समझाकर लिखो।

उ0. व्याकरण वह ज्ञान है जिसके द्वारा भाषा के नियमों का विश्लेषण होता है तथा मानकता के आधार पर शुद्धता प्रदान की जाती है।

End of document ■

Activate Windows

Scanned with CamScanner

2. सही विकल्पों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(क) हमारे देश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा ______________ है। (संस्कृत / हिंदी)

(ख) हिंदी ______________ लिपि में लिखी जाती है। (फ़ारसी / देवनागरी)

(ग) मौखिक भाषा की मूल इकाई ______________ है। (ध्वनि / वर्ण)

(घ) ______________ भाषा पर नियंत्रण रखता है। (लिपि / व्याकरण)

(ङ) अँगरेज़ी भाषा ______________ लिपि में लिखी जाती है। (रोमन / गुरुमुखी)

3. नीचे दिए गए कथनों में सही के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✗) का चिह्न लगाओ–

(क) भाषा के दो रूप होते हैं। ☒

(ख) व्याकरण के दो भाग होते हैं। ☒

(ग) मोबाइल पर संदेश भेजना भाषा का मौखिक रूप है। ☒

(घ) लिखित भाषा की मूल इकाई वर्ण है। ☑

(ङ) उर्दू भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। ☒

4. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) पक्षियों का चहचहाना भाषा का रूप है–

(अ) लिखित ☐ (ब) मौखिक ☑

(ख) विचारों का आदान-प्रदान मनुष्य जिस माध्यम से करता है, वह है–

(अ) भाषा ☑ (ब) व्याकरण ☐

(ग) शब्द विचार के अंतर्गत अध्ययन किया जाता है–

(अ) वर्णों का ☐ (ब) शब्दों का ☑

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

Scanned with CamScanner